# मिशन शक्ति

नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन



**शान हो, सम्मान हो**
**अभिमान हो**



यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।

## मिशन शक्ति

भारतीय संस्कृति अपने जिन प्रमुख विशेषताओं के कारण जानी जाती है, उनमें एक है नारी स्वातंत्र्य एवं स्वावलम्बन। वैदिक युग में नारी अपने स्वातंत्र्य, स्वावलम्बन एवं स्वाभिमान के उत्कर्ष पर थी। नारी और पुरुष में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक इत्यादि क्षेत्रों में समानता के समान अवसर उपलब्ध थे। विकास के दीर्घकाल में अनेक सामाजिक उतार–चढ़ाव के बावजूद भारतीय समाज में नारी को मातृशक्ति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त रही है। भारतीय संस्कृति में नारी सदैव से ही सम्मानित एवं पूजित रही है। भारत की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपरा में इस बात के प्रमाण आज भी उपलब्ध हैं। भारत की धार्मिक तथा आध्यात्मिक परंपरा में मातृ शक्ति को शस्त्रधारी शक्तिसम्पन्न ज्ञान की अधिष्ठात्री और काल पर भी विजय प्राप्त करने के रूप में पूजा जाता है किंतु वैदेशिक आक्रमणकारियों की कट्टरता, नारी को उपयोग की वस्तु समझने की पाशविक प्रवृत्ति के कारण आज नारी असुरक्षित हुई है। समाज में इस पाशविक प्रवृत्ति पर विजय पाने एवं नारी को मातृ शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने का पावन अभियान उत्तर प्रदेश की सरकार ने शारदीय नवरात्र से प्रारंभ किया। नवरात्र पर्व को जन–जागरण का अभियान बनाने वाले इस पवित्र अभियान का महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ भी सहभागी बना। 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महाविद्यालय ने जिन कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया है उन कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण आप के समक्ष प्रस्तुत है।

### ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

19 अप्रैल को महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत "नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता" विषय पर ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 39 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की हर्षा गुप्ता को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी को द्वितीय स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की शालिनी मिश्रा को तृतीय स्थान और बी.एड. प्रथम वर्ष की पूजा राय को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में बी.एड. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती पुष्पा निषाद, श्रीमती विभा सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह रहे। संचालन सुश्री दीप्ती गुप्ता एवं संयोजन बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।

### ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता

20 अप्रैल को महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत "नारी सशक्तिकरण" विषय पर ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 31 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता

## मिशन शक्ति


में बी.एड. द्वितीय वर्ष की ऐश्वर्या त्रिपाठी को प्रथम स्थान, बी.एड. प्रथम वर्ष की नीलम गुप्ता एवं नीतू मल्ल को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष की सहाना अंसारी को तृतीय स्थान और बी.एड. प्रथम वर्ष की ममता कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं संयोजन बी.एड. विभाग प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।



पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

### भाषण प्रतियोगिता

26 अगस्त को बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत 'महिलाओं में उद्यमिता विकास' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की ज्योति कुमारी को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष के नितेश कुमार को द्वितीय स्थान तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष के ऋषभ सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आरती सिंह व डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता का संचालन व संयोजन श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया।




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

### पोस्टर प्रतियोगिता

4 सितम्बर को मिशन शक्ति के अन्तर्गत "पोषण के प्रति जागरूकता" विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 27 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.एड. द्वितीय वर्ष की नीलम गुप्ता को प्रथम स्थान, बी.एड. द्वितीय वर्ष के सूरज चौधरी एवं अनीता निषाद को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बी.एड. द्वितीय वर्ष की प्रियंका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. सुधा शुक्ला, बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव एवं वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य श्री चन्दन ठाकुर रहे। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य सुश्री दीप्ती गुप्ता ने किया।




पोस्टर प्रतियोगिता के विजित प्रतिभागी एवं निर्णायक मंडल सदस्य

## मिशन शक्ति



नारी सशक्तिकरण पर उद्‌बोधन देतीं महिला थाना की एस.ओ. श्रीमती अर्चना सिंह

### व्याख्यान एवं मुक्त परिचर्चा

11 सितम्बर को बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना गोरखपुर की एस.ओ. श्रीमती अर्चना सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने तथा संयोजन सुश्री दीप्ति गुप्ता ने किया।

### एनी बेसेंट जयन्ती

1 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में श्रीमती एनी बेसेंट की जयन्ती के अवसर पर 'मिशन शक्ति' के अन्तर्गत गृह विज्ञान की प्रभारी सुश्री शारदा रानी ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




श्रद्धा-सुमन अर्पित करतीं सुश्री शारदा रानी

### शपथ ग्रहण समारोह

30 अक्टूबर को महाविद्यालय के बी.एड. विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुश्री दीप्ति गुप्ता ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण कराने का दायित्व श्रीमती शिप्रा सिंह ने पूर्ण किया। इस अवसर पर श्रीमती शिप्रा सिंह ने देश की अखण्डता और एकता के लिए आजीवन प्रयास करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को स्मरण करते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षकों को देश की अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अपील की




राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलातीं सुश्री दीप्ति गुप्ता